>

Title: Regarding the issue of bus service between India and Pakistan.

**श्री महिन्दर सिंह केपी (जालंधर):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से शून्यकाल में सरकार का ध्यान एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू की ओर दिलवाना चाहता हूं। भारत और पाकिस्तान के दरमियान बस सेवा की शुरुआत की गई थी जो दिल्ली और लाहौर के बीच चल रही है। उसी मित्रता को आगे बढ़ाते हुए, जब मैं पंजाब में ट्रंसपोर्ट मिनिस्टर था तब पंजाब सरकार द्वारा अमृतसर और लाहौर और अमृतसर और ननकाना साहिब में बस सर्विस शुरू की गई थी। ननकाना साहिब एक बहुत ही मुकद्दस स्थान है जहां पहले गुरू श्री गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ था। गुरु नानक लेवा लोग इसे तीर्थ स्थान मानते हैं और नानक लेवा इंसान इसके दर्शन करना चाहते हैं। लेकिन अफसोस की बात यह है कि आम लोगों को पंजाब से पाकिस्तान जाने के लिए वीजा दिल्ली से लेना पड़ता है और जो बस सर्विस चलती है, वह या तो खाली जाती है या उसमें डेली एक या दो पैसेंजर ही जाते हैं। यह सेवा लोगों के लिए शुरू की गई थी, इसलिए इसका लाभ आम लोगों तक पहुंचना चाहिए। साथ ही अमृतसर और लाहौर में वीजा की सहूलियत शुरू की जानी चाहिए क्योंकि पंजाब से जो लोग आते हैं, उन्हें पांच सौ किलोमीटर आना पड़ता है, लाहौर से इस्लामाबाद जाने वाले लोगों को भी पांच सौ किलोमीटर जाना पड़ता है। जो दो मुल्कों की दोस्ती हो रही है, उसमें और बढ़ोतरी लाने के लिए मेरा सरकार से निवेदन है कि वहां कंसुलेट ऑफिस खोला जाए।